संचालनालय

महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती. भवन, ब्लाक–1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर

दूरभाष क्रमांक 0771–2234192, 2234188 (Fax) email : dirwcd.cg@nic.in

क्रमांक/6629/मबावि/सावि/23–24 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 05/10/2023

प्रति,

1. **कलेक्टर**
   जिला– समस्त, छत्तीसगढ़।
2. **जिला कार्यक्रम अधिकारी/**
   जिला एवं महिला बाल विकास अधिकारी
   महिला एवं बाल विकास विभाग
   जिला समस्त, छत्तीसगढ़।

विषयः– **मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (Hub for Empowerment of Women) के संचालन हेतु स्वीकृत पदों में नियुक्ति विषयक्।**

संदर्भः– संचालनालय का पत्र क्रमांक 6132 दिनांक 20.09.2023।

विषयांतर्गत संलग्न संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। प्रत्येक जिले पर जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (District Hub for Empowerment of Women) स्थापना के संबंध में योजनांतर्गत संविदा/ एकमुश्त वेतन के 08 पदों को भरे जाने हेतु प्रेषित पत्र में भारत शासन के दिशा निर्देशों के अंतर्गत कंडिका क्रमांक 4.1 के अंतर्गत कॉलम क्रमांक 5 अनिवार्य न्यूनतम अनुभव में दर्शित ''संबंधित क्षेत्र/कार्य का अनुभव में ''शासकीय/अर्द्धशासकीय'' में टंकण त्रुटिवश **गैर सरकारी संगठन** शब्द छूट गया। अतः उसके स्थान पर **''शासकीय/अर्द्धशासकीय/गैर सरकारी संगठन''** पढ़ा जावे।

नियुक्ति संबंधी पूर्व में प्रसारित शेष निर्देश यथावत् रहेंगे।

(दिव्या उमेश मिश्रा)
संचालक
महिला एवं बाल विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/6630/मबावि/सावि/23–24 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 05/10/2023

प्रतिलिपि –

सचिव, छ. ग. शासन, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

संचालक
महिला एवं बाल विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

Suvigya (I:\D Drive Data\SHEW\SHEW Letter.Doc

संचालनालय

महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती. भवन, ब्लाक–1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर

दूरभाष क्रमांक 0771–2234192, 2234188 (Fax) email : dirwcd.cg@nic.in

क्रमांक/6132/मबावि/सावि/23–24 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 20/09/2023

प्रति,

1. कलेक्टर
   जिला– समस्त, छत्तीसगढ़।
2. जिला कार्यक्रम अधिकारी/
   जिला एवं महिला बाल विकास अधिकारी
   महिला एवं बाल विकास विभाग
   जिला समस्त, छत्तीसगढ़।

विषयः– **मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (Hub for Empowerment of Women) के संचालन हेतु स्वीकृत पदों में नियुक्ति विषयक्।**

संदर्भः–
1. छत्तीसगढ़ शासन का आदेश क्रमांक एफ 3–05/2023/50 दिनांक 21.06.2023।
2. छत्तीसगढ़ शासन का आदेश क्रमांक एफ 3–05/2023/50 दिनांक 31.08.2023।
3. छत्तीसगढ़ शासन का आदेश क्रमांक एफ 3–05/2023/50 दिनांक 06.09.2023।

विषयांतर्गत संलग्न संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें। भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा एवं बचाव हेतु एक अम्ब्रेला योजना "मिशन शक्ति" की शुरुआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सभी आने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन एवं संचालन राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र एवं जिला स्तर पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (District Hub for Empowerment of Women) के द्वारा किया जाना है। इस हेतु राज्य स्तर पर तथा प्रत्येक जिले पर महिला सशक्तिकरण केन्द्र (Hub for Empowerment of Women) स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रत्येक जिला सशक्तिकरण केन्द्र (DHEW) हेतु योजनांतर्गत संविदा/एकमुश्त वेतन के 08 पदों का प्रावधान है।

राज्य शासन द्वारा संदर्भित आदेश क्रमांक 1 एवं 2 के द्वारा तथा आदेश क्रमांक एफ 03–05/2023/मबावि/50 पार्ट दिनांक 06.09.2023 के द्वारा प्रत्येक जिले के जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र, हब हेतु 08 पद के मान से कुल 264 योजना के एकमुश्त/संविदा वेतन पदों के सजृन की एवं इनके भरे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा साथ ही इन पदों पर नियुक्ति हेतु दिशा निर्देशों पर भी स्वीकृति प्रदान की गयी है। पदों की स्वीकृति प्रत्येक जिलों हेतु निम्नानुसार है :–